आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



### आर्च बिशप फादर फेलिक्स टोप्पो ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार 11 को होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को आर्च बिशप फादर फेलिक्स टोप्पो ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के अंतिम संस्कार की धर्मविधि 11 अक्टूबर को पूरी की जायेगी। विशेष प्रार्थना सभा के उपरांत उनका अंतिम संस्कार होगा। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शनार्थ रखा जायेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन से हम सभी काफी दुखी हैं। उनके साथ हमारे रिश्ते काफी पुराने रहे हैं। उनका हमेशा ही हम लोगों को सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहा। वे हमेशा ही समाज और राज्य के विकास और हित की बात करते थे। उनका निधन हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है। वे हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। उन्हें शत-शत नमन। बता दें कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का 4 अक्तूबर को निधन हो गया।

## डॉक्टरों ने परिजन के साथ जम कर मारपीट की मरीज को दिखाया अस्पताल से बाहर का रास्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में मरीज के परिजन की जम कर पिटाई की गयी। मिली जानकारी के अनुसार, बसंत यादव नामक एक वृद्ध मरीज को उनके परिजन मुकेश यादव इलाज के लिए रिम्स लेकर पहुंचे थे। बसंत को कई दिनों से फीवर था और वह अचेत अवस्था में था। ट्रॉमा सेंटर में भर्ती होने के बाद ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने एबीजी जांच कराने के लिए कहा। इसके बाद मुकेश और उनके भाई एबीजी टेस्ट कराने के लिए काउंटर नंबर चार पर गये। वहां तैनात महिला चिकित्सक ने उन्हें एक पेपर का 100 कॉपी जेरॉक्स करने के लिए कह दिया, जिस पर परिजन ने असमर्थता जताते हुए चिकित्सक से इलाज करने की गुहार लगायी। वहीं परिजन वीडियो बनाने लगे, इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया।

परिजन राजेश यादव ने आरोप लगाया है कि मुकेश को जम कर पीटा गया है। आठ से दस चिकित्सकों ने ट्रॉमा सेंटर के एक कमरे में बंद कर उनके भाई मुकेश के साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आयी हैं। राजेश का आरोप है कि उसके भाई का हाथ टूट गया है। वहीं मरीज को अस्पताल से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। इस पूरे मामले को लेकर बरियातू थाने में लिखित शिकायत की गयी है।

### चुप हैं सभी

इतनी क्रूर घटना होने के बाद किसी संगठन या डॉक्टर समूह की तरफ से इसकी निंदा नहीं की गयी है। अगर यही सब किसी डॉक्टर या स्टाफ के साथ हुआ होता, तो ये लोग समूह बना कर राज्य भर के अस्पतालों में हड़ताल कर देते। पुलिस भी इस मामले में कुछ नहीं कर रही है।

## धुर्वा डैम घूमने गयी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, चार गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम घूमने गयी नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म की घटना की खबर सामने आयी है। दुष्कर्म की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि नाबालिग लड़की धुर्वा डैम घूमने गयी थी। इसी दौरान लड़की से एक युवक बातचीत करने लगा और युवक के अन्य तीन दोस्त भी वहां आ गये। उसके बाद चारों लड़कों की नीयत खराब हुई और डैम के बगल में सुनसान जगह पर ले जाकर नाबालिग से चारों ने दुष्कर्म किया।

नाबालिग ने जब इसकी जानकारी घर पहुंच कर परिजनों को दी, तो घरवालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। उसके बाद घटना के करीब तीन से चार घंटे बीच ही तीन आरोपी युवकों को पुलिस ने दबोच लिया। अन्य की भी गिरफ्तारी गुरुवार की सुबह हो गयी है। सभी आरोपी और पीड़िता धुर्वा इलाके के ही हैं।

## रांची सिविल कोर्ट ने ननद की हत्या करनेवाली भाभी को दी उम्रकैद की सजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट ने दहेज हत्या के दो दोषियों को सजा सुनायी है। अदालत ने मृतका शबाना खातून के पति शोएब अली को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। वहीं मृतका की ननद मीना खातून को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। दरअसल, वर्ष 2017 में शबाना की दहेज उत्पीड़न के बाद जला कर हत्या कर दी गयी थी। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने रांची के लोअर बाजार थाना में कांड संख्या 12/2017 दर्ज करवाया था। अपने केस को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत के समक्ष कुल 12 गवाह प्रस्तुत किये गये थे, जबकि बचाव पक्ष की ओर से कोई गवाह पेश नहीं किया गया। वहीं दोषियों के खिलाफ पुलिस ने कई साक्ष्य कोर्ट को दिये, जिनके आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। पति शोएब की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु सिंह ने पक्ष रखा।

## मदरसा के मौलाना पर नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने का लगा आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मदरसा के मौलाना पर नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। यह मामला रांची जिला के ओरमांझी थाना क्षेत्र का है। इस मामले में छात्रा के पिता ने ओरमांझी थाना में शिकायत दर्ज करायी है।

शिकायत में बताया है कि उनकी पुत्री ओरमांझी के मदरसा में पढ़ने जाया करती थी। पिछले एक हफ्ते से वह काफी परेशान दिख रही थी और मदरसा जाने में आनाकानी कर रही थी। जब उन्होंने अपनी बेटी से इसका कारण जानने की कोशिश की, तब उन्हें यह जानकारी मिली कि मदरसा के एक मौलाना द्वारा उनकी बेटी के साथ गलत हरकत की जा रही है। यह जानकारी मिलते ही वह तुरंत थाना पहुंचे और मौलाना के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवायी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी मौलाना की गिरफ्तारी में जुट गयी है।

### नाबालिग को दिखाता था अश्लील वीडियो

नाबालिग के अनुसार, मौलाना उसे अपनी गोद में बैठा कर गंदी-गंदी वीडियो दिखाता था। इतना ही नहीं, मौलवी जब भी मौका पाता था, बच्ची के शरीर पर बैड टच करता था। जैसे ही मौलाना को यह जानकारी मिली कि पीड़िता के पिता को और गांव वालों को इसकी जानकारी हो गयी है और मामला थाना पहुंच गया है, वह मदरसा छोड़ कर फरार हो गया है। इसमें सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि मौलाना पिछले दो साल से मदरसा में पढ़ा रहा था, लेकिन किसी को यह जानकारी नहीं है कि वह कहां का रहनेवाला था।

## अमित पांडे को उम्रकैद और बृजकिशोर को दो साल की सजा

### प्रशांत राज हत्याकांड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने हजारी उर्फ प्रशांत राज श्रीवास्तव हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ सजा का एलान कर दिया है। अदालत ने हत्याकांड के दोषी अमित पांडे को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। इसके साथ ही उस पर 25 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने अमित को मृतक के परिजनों को मुआवजा के तौर पर 30 हजार रुपये देने का आदेश दिया है। वहीं दूसरे दोषी बृज किशोर पांडेय को कोर्ट ने दो साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। अपना केस साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह प्रस्तुत किये गये, वहीं बचाव पक्ष यानी आरोपियों की ओर से एक भी गवाह पेश नहीं किया गया।

हजारी उर्फ प्रशांत राज श्रीवास्तव की हत्या 4 मार्च 2019 को हुई थी, जिसके बाद मृतक के बड़े भाई रंजीत कुमार ने सुखदेव नगर थाना में अमित पांडेय और बृजकिशोर पांडेय समेत 20 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। इस मामले की सुनवाई रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट में हुई। मृतक के परिजनों की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने पक्ष रखा।

## हाइकोर्ट ने धार्मिक न्यास बोर्ड और सरकार से जवाब तलब किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा दायर याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार और धार्मिक न्यास बोर्ड को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को चार सप्ताह में जबाब देने का निर्देश दिया है।

### समिति को धारा 29 का नोटिस नहीं दिया गया

याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि समिति को किसी प्रकार की धारा 29 का नोटिस( समिति भंग करने का कारण) नहीं दिया गया, ना ही जिला न्यायाधीश की ओर से मंदिर विकास के लिए कोई योजना दी गयी और न ही जिला न्यायाधीश से किसी प्रकार की कोई सहमति ली गयी। वहीं समिति भंग करने से पहले बोर्ड से कोई आदेश भी पारित नहीं कराया गया।

### धार्मिक न्यास बोर्ड के चेयरमैन का आदेश सही नहीं है

कहा कि धार्मिक न्यास बोर्ड के चेयरमैन का आदेश सही नहीं है, इसलिए इस आदेश पर रोक लगायी जाये। मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी। पहाड़ी मंदिर विकास समिति की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पक्ष रखा। वहीं सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने बहस की। धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से अधिवक्ता भरत कुमार ने पक्ष रखा।

## श्री दुर्गा पुजा समिति भुताहा तालाब के अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया जी का जन्मदिन मनाया गया

**रांची(आजाद सिपाही)।** श्री दुर्गा पुजा समिति, भुताहा तालाब के अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया जी का जन्मदिन मनाया गया। श्री उमंग सुल्तानिया ने चैती दुर्गा मंदिर में पुजा किया साथ ही मंदिर के पुरोहित श्री सुभाष मिश्रा जी द्वारा प्रसाद का भोग लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे महासमिति के मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू, श्री संजय सिंह (लल्लू), श्री उमंग सुल्तानिया, श्री राहुल सिंह, श्री शुभम वर्मा, श्री अमन वर्मा, श्री विनय सिंह, श्री मनीष शेट्टी, श्री नविन गुप्ता, प्रकाश पासवान, ऋषभ , करण, मोहित रजक, नमन, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, शिव किशोर शर्मा आदि। समिति के अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया ने जन्मदिन को विशेष बनाने की खुशी में सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि श्री दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष एक भव्य पूजा का आयोजन करेगी। जिसके लिए हमे समिति के प्रत्येक सदस्य के सहयोग की आवश्यकता है, उन्होंने इसके साथ ही रांचीवासियों को दुर्गापूजा की अग्रिम शुभकामनाएं दी। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय और शिव किशोर शर्मा ने दी।

## डीपीएस के 25 विद्यार्थियों का आइओक्यूएम में शानदार प्रदर्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** अपनी उत्कृष्ट गणितीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस रांची के 25 विद्यार्थियों ने इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर इन मैथमेटिक्स (आईओक्यूएम) 2023-24 में आसाधारण प्रदर्शन करते हुए इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल हुए और उन्होंने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। आइओक्यूएम परीक्षा में सफल होने का बाद इन विद्यार्थियों का चयन रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) 2023 में भी अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराने के लिए हो चूका है। गौरवान्वित करनेवालों में तमन्ना कुमारी (कक्षा टू), श्रेयम झा (कक्षा टू), अशहद हुसैन (कक्षा 12वीं), शौर्य श्रेयस (कक्षा टू), देवौंकर गिरी (कक्षा टू), वेद वत्सल (कक्षा वन), शुभम झा (कक्षा वन), दृप्त दिव्यांश पांडे (कक्षा वन), रुद्राक्ष राय (कक्षा वन), रायना सिंह (कक्षा वन), सार्थक कुमार (कक्षा वन), यश वर्धन राजगढ़िया (कक्षा वन), आर्यन सिन्हा (कक्षा वन), अर्नव सिन्हा (कक्षा वन) , माधव आर पिल्लई (कक्षा ग्यारह) तविश वत्स, केशव बजाज, माधव आर पिल्लई, आदि अग्रवाल, अंसरुता असावरी मंडल, आदित्य प्रताप, शाश्वत अग्रवाल, अक्षत झा, ओजस्व कुमार (कक्षा वन), प्रणय कुमार सिंह (कक्षा आठवीं) और रुद्रांश रंजन (कक्षा आठवीं) शामिल है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रधानाचार्य डॉ राम सिंह अत्यंत हर्षित और अभिभूत दिखे। उन्होंने कहा कि आइओक्यूएम 2023-24 में हमारे छात्रों का प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है।

## सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट का आदेश रद्द किया

**नौ लाख भुगतान की शर्त पर झारखंड हाइकोर्ट ने दी थी अग्रिम जमानत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें एक व्यक्ति को अग्रिम जमानत के लिए नौ लाख रुपये पीड़िता को मुआवजा के तौर पर देने का आदेश गिया था। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने हाइकोर्ट द्वारा मेंटेनेंस के लिए तय की गयी राशि को चार हजार रुपये प्रति माह से बढ़ा कर दस हजार रुपये प्रति माह करने का आदेश दिया है।



इस संबंध में रोहित जायसवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एस वीएन भट्टी की बेंच ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने झारखंड हाइकोर्ट के द्वारा अग्रिम जमानत के लिए तय की गयी अन्य शर्तों में हस्तक्षेप नहीं किया। दरअसल रोहित जायसवाल की शादी वर्ष 2020 में हुई थी, लेकिन किसी कारण वश उनके और उनकी पत्नी के बीच वर्ष 2021 में शुरू हुआ विवाद कोर्ट तक जा पहुंचा। रोहित जायसवाल ने झारखंड हाइकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह शर्त रखी थी कि पीड़िता को नौ लाख रुपये के भुगतान के बाद उसे अग्रिम जमानत की सुविधा मिलेगी। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ रोहित ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिस पर यह फैसला आया।

## होटवार जेल का किया निरीक्षण

**रहमतुल्लाह अंसारी की मृत्यु की घटना की जांच की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू और सदस्य वारिस कुरैशी का बिरसा केंद्रीय कारा, होटवार का निरीक्षण और विगत दिनों कांके निवासी रहमतुल्लाह अंसारी की मृत्यु की घटना की जांच की गयी। इस क्रम में आयोग उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने जेल अधीक्षक और जेलर से रहमतुल्लाह अंसारी की मृत्यु की घटना की पूरी जानकारी ली। साथ ही जिस वार्ड नं 6 में गला रेतने की आशंका परिवारजनों ने लगायी थी, उस वार्ड/कमरे का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही रहमतुल्लाह के वार्ड में रह रहे कैदियों से भी पूछताछ की गयी और घटना के दिन की वीडियो फुटेज को भी बारीकी से देखा गया और घटना से संबंधित दस्तावेज के साथ साथ फुटेज की कॉपी भी आयोग की टीम को जेल प्रशासन ने दिया। करीब दो घंटे की जांच/ निरीक्षण के बाद आयोग उपाध्यक्ष श्री आलम ने जेल प्रशासन को सख्त निर्देश देते हुए कहा की भविष्य में इस तरह की घटना का दोबारा नहीं होनी चाहिए, जहां पर कैदी रहते हैं, वहां किसी भी प्रकार की कोई हथियार/धारदार वस्तु न हो, इसकी पूरी ईमानदारी से जेलर ख्याल रखे।

## पेसा कानून से झारखंड की जमीनी स्थिति में बदलाव संभव : बंधु तिर्की

**पेसा कानून जल्द लागू करने की मांग के साथ पेसा अधिकार यात्रा आज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि पेसा कानून से झारखंड की जमीनी स्थिति में बदलाव संभव है, लेकिन इसके लिये जरूरत इस बात की है कि ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि भी ईमानदार, जागरूक और समर्पित के प्रति समर्पित बनें। श्री तिर्की ने सभी लोगों से अपील की है कि आम लोगों विशेषकर ग्रामीणों को पेसा कानून के संदर्भ में जागरूक करने के लिये 6 अक्टूबर (शुक्रवार) को पेसा अधिकारी यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें न केवल लोगों को इस बात की जानकारी दी जायेगी कि पेसा कानून को लागू करवाने की पृष्ठभूमि में कांग्रेस की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सुबह साढ़े दस बजे मोरहाबादी मैदान से प्रारम्भ होने के बाद राजधानी के कोकर स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल तक जायेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा पेसा कानून के नियमावली को मंजूरी देने के बाद अब सरकार को शीघ्र ही आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाओं को पूरा कर पेसा कानून को लागू करना चाहिये।

श्री तिर्की ने कहा कि विशेष रूप से जनजातीय समुदाय और मूलवासियों के लिये यह बहुत जरूरी है कि सरकार द्वारा स्वीकृत पेसा नियमावली के अनुरूप पेसा कानून का फायदा झारखंड के लोगों को मिले।

## दशहरा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**नयी कार्यसमिति का गठन : मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे और अध्यक्ष संजीत यादव बने**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शालीमार बाजार एचइसी धुर्वा में धूमधाम से दशहरा का त्योहार मनाया जायेगा। दशहरा के मौके पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद का पुतला दहन किया जायेगा। राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान बिरसा चौक के समीप गुरुवार को आयोजित बैठक में विजयादशमी रावण दहन समिति का चुनाव किया गया। चुनाव में रावण दहन समारोह 2023 के लिए नयी कमेटी का गठन किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक- आलोक कुमार दूबे, संरक्षक- परमेश्वर सिंह, संजय सिंह, रंजन यादव अध्यक्ष- संजीत यादव, महासचिव- अभिषेक साहू, कोषाध्यक्ष- रवि शंकर (विक्की), उपाध्यक्ष- काजल भट्टाचार्य, कमलेश प्रसाद, सागर यादव, सचिव- जितेंद्र सिंह, राजेश, कपिल सिंह, अमित राय, संयुक्त सचिव - लालू राज यादव, भीम यादव, कार्यकारिणी सदस्य- मंटू यादव, लक्की यादव, राहुल, राम बाबू, रंजन, शंकर को सर्वसम्मति से निर्वाचित किये गये हैं।

समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने कहा कि रावण दहन असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने जिला प्रशासन से शालीमार बाजार में आयोजित हो रहे रावण दहन समारोह के लिए व्यापक सुरक्षा और अग्निशमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा एचइसी परिसर में रावण दहन का कार्यक्रम कई वर्षों से जो शोर से की जाती रही है। समिति के अध्यक्ष संजीत यादव ने कहा रावण दहन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री और झारखंड के वित्त मंत्री से मुलाकात कर आमंत्रित किया जायेगा।

## बिड़ला मैदान दुर्गा पूजा समिति का भूमि पूजन संपन्न



**रांची (आजाद सिपाही)।** बिड़ला मैदान दुर्गा पूजा समिति द्वारा पूजा पंडाल के प्रांगण में गुरुवार को दुर्गा पूजन उत्सव हेतु पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से बिड़ला मैदान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सकलदीप बड़ाइक मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। समिति द्वारा इस वर्ष भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें थीम स्वरूप डर हाउस का प्रारूप दिया जा रहा है और पंडाल में मुख्य रूप से गुफा बनायी जा रही है, जिसके अंदर भूत-प्रेत पिशाच के द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। साथ ही साथ पूजा प्रांगण के अतिरिक्त आसपास के क्षेत्र को विद्युत साज से सजाया जायेगा और मेला भी लगाया जायेगा, जिसमें झूला, बच्चों के मनोरंजन और इलोक्ट्रॉनिक मां दुर्गा राक्षस का वध करती दिखेंगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष पूजा में 10 से 12 लाख रुपये खर्च किया जायेगा। भूमि पूजन में समस्त पदाधिकारी और सदस्य सम्मिलित हुए, जिसमें समिति के संरक्षक मंटू सिंह, मंजीत सिंह, रमेश सिंह, महेश सोनी, अध्यक्ष सकलदीप बड़ाइक, वरीय उपाध्यक्ष टिंकू वर्मा, उपाध्यक्ष अमित सोनी, उपाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, संजय कुमार, संतोष राय, विक्की, रंजीत सिन्हा बासु, अजित सिंह, मनीष सिंह, गौतम यादव, रवि ओरवां, रवि सिंह, दिनेश खत्री, दिनेश बंगाली, निरंजन अकेला, बाबला घोष और अन्य लोग उपस्थित हुए।

## रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल समिति के मुख्य संयोजक सह अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय के नेतृत्व में राहुल कुमार सिन्हा, उपायुक्त रांची, दीपक दुबे सदर अनुमंडल पदाधिकारी रांची और राजेश्वर नाथ आलोक अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था, रांची से उनके कार्यालय में जाकर मिला और माता रानी की चुनरी भेंट कर आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर बैठक की। उक्त प्रतिनिधि मंडल में डॉ अजीत सहाय, चंचल चटर्जी, जय सिंह यादव, प्रदीप रॉय बाबू, राजेश कुमार लाल, राजन वर्मा, रविंद्र वर्मा, राणा रणधीर, संजय सिन्हा गोपू, अशोक यादव उपस्थित हुए। सर्व प्रथम डॉ अजीत सहाय ने रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति से संबद्ध सभी पूजा समितियों की एक सुची सौंपी, ताकि जिला प्रशासन को समन्वय बनाने में सुविधा हो और आग्रह किया कि दुर्गा पूजा निमित्त आयोजकों को जो भी कठिनाइयां हो रही हैं, उसका आवश्यकता अनुसार त्वरित गति से समाधान किया जाये। साथ ही जिस तरह विगत वर्षों में प्रशासनिक सुविधाएं दी गयी हैं, उसी तरह इस वर्ष भी मुहैया करायी जाये। डॉ सहाय और जयसिंह यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि महानगर समिति से संबद्ध सभी पूजा समितियों का सामूहिक मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा दिनांक 24.10.2023 मंगलवार (विजयादशमी के दिन) को और 25.10.2023 दिन बुधवार (एकादशी के दिन) को अपराह्न 3:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 8:00 बजे समाप्त कर दी जायेगी।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा हरसंभव मदद की जायेगी। हा कि आप लोग आपस में सामंजस्य स्थापित कर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मिलजुल कर समयानुसार दुर्गा पूजा को संपन्न करायें।

# स्व. कैलाशपति ने गांव गांव तक विचारधारा पहुंचायी : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में गुरुवार को स्व. कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गयी। स्व. कैलाशपति मिश्र को अपने संकल्प यात्रा से ही श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि स्व. मिश्र भाजपा के संस्थापकों में से एक थे। कार्य क्षेत्र होने के कारण उनका झारखंड से विशेष



लगाव था, अपने जीवन का लंबा समय उन्होंने झारखंड में बिताया। झारखंड के जनजाति क्षेत्र में अपने परिश्रम एवं प्रयासों से उन्होंने भाजपा की विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचाया। उन्होंने बिहार सरकार में मंत्री के अलावा गुजरात एवं राजस्थान के राज्यपाल के रूप में भी देश की सेवा की। प्रदेश कार्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि स्व. कैलाशपति मिश्र जैसे विभूति संगठन के नीव रहे, जिस पर आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी खड़ी है। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि प्रदेश में कार्यकर्ताओं को गढ़ने में स्व. कैलाश जी का योगदान स्मरणीय है। प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने भी स्व कैलाशपति मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, काजल प्रधान, सरोज सिंह, महेश पोद्दार, दीपक बंका, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, संजय चौधरी, संजय जायसवाल , रमेश सिंह, पवन साहू, गुरविंदर सिंह सेठी, राजश्री जयंती आदि शामिल हैं।

# रिसालदार शाह बाबा दरगाह का पांच दिवसीय उर्स शुरू

**7 अक्टूबर को खानकाही कव्वाली व 08 अक्टूबर को महासचिव जावेद अनवर के आवास से चादर निकाली जायेगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा का 216वा उर्स गुरुवार से सुबह परचम कुशाई उसके बाद गुसुल और तेलावाते कुरान से शुरू हो गया, जो पांच दिवसीय 09 अक्टूबर 2023 तक मनाया जायेगा। गुरुवार को दोपहर 2 बजे दरगाह कमिटी के सदर अयूब गद्दी के घर से शाही संदल और चादर निकली गई जो पूरे डोरंडा में गस्त करते हुए हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के आस्ताने में पेश किया गया उसके बाद हर साल की तरह पुलिस लाईन रांची से बाबा के दरगह में चादर चढ़ाया गया जिसमें रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक रांची एवं पुलिस लाइन के सारे जवान और पदाधिकारी मौजूद रहे उसके बाद चादरों का सिलसिला जारी रहा। पूर्व केंद्र मंत्री सुबोध कान सहाय कांग्रेस महासचिव बिनय सिन्हा दीपु कांग्रेस नेता आलोक दुबे ने अपनी ओर से दरगह में चादर चढ़ाए वही मेहमाने खुशियों में पूर्व पार्षद मो०असलम, पूर्व पार्षद सलाउद्दीन संजू, नदीम इकबाल, मो० नौशाद गुज्जर, इमरान बाबू, अतीकुर्रहमान, शादाब खान, आदि का दरगाह कमेटी के द्वारा इस्तकबाल किया गया। 6 अक्टूबर को रात में उर्स मैदान में जलसा का आयोजन किया गया है। 7 अक्टूबर को खानकाही कव्वाली होगी। 08 अक्टूबर को महासचिव जावेद अनवर के आवास से चादर निकली जायेगी, 2 बजे से सीरत मैदान डोरंडा में कव्वाली का प्रोग्राम शुरू होगा। इससे पहले सुबह में खंस्त्र-1 की ओर से चादर निकाली जायेगी। इसी दिन रात में कव्वाली का प्रोग्राम शुरू होगा। मुंबई के अजीम नाजा और हाजी माजिद शोला के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा। कव्वाली का मुकाबला 9 अक्टूबर को भी चलेगा।

## 8 अक्टूबर को आयेंगे सीएम हेमंत सोरेन

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 8 अक्टूबर को औपचारिक रूप से मेले का उद्घाटन करेंगे। वे रिसालदार बाबा के मजार में चादरपोशी भी करेंगे। साथ ही राज्य में अमन चैन के लिए दुआ करेंगे। साथ ही मेले में साफ-सफाई, सीसीटीवी, ट्रैफिक कंट्रोल, चलन्त शौचालय, पानी टैंकर, मेडिकल टीम, राजेंद्र चौक के आस-पास साफ-सफाई, पार्किंग सुविधा ( चवनिया मैदान और नेपाल हाउस के सामने, ईदगाह, कुसई ) कव्वाली के दौरान स्टेज पर पुलिस व्यवस्था और अन्य सुविधा की व्यवस्था दरगाह कमेटी और जिला प्रशासन की ओर से किया गया है उर्स मेला 2023 को आपसी सौहार्दपूर्ण और उल्लास के साथ मनाने की अपील की दरगह कमेटी करती है।

# सीआइडी ने शुरू की जमीन खरीद की जांच

**बंगाल रजिस्ट्री कार्यालय में पावर ऑफ अटॉर्नी पर विमल सिंघानिया, जय प्रकाश सिंघानिया ने पत्नी के नाम खरीदी सात एकड़ जमीन**




## म्यूटेशन का आवेदन खारिज कर दिया गया

रजिस्ट्री 9 मई 2023 को हुई है। आश्चर्य की बात यह है कि बंगाल में हुए पावर ऑफ एटर्नी में पहचान रांची के व्यक्ति ने की है। जमीन की खरीद के बाद उस पर बाउंड्री भी खड़ी कर दी गयी है। म्यूटेशन के लिए आवेदन भी दिया गया था, लेकिन प्रशांत घोष के भाई सुशांत घोष की आपत्ति के बाद म्यूटेशन का आवेदन खारिज कर दिया गया है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में एक बड़े भूखंड की खरीद-बिक्री की जांच सीआइडी (अपराध अनुसंधान विभाग) ने शुरू कर दी है। यह भूखंड रांची के पिठोरिया इलाके में स्थित है, जिसका कुल रकबा (क्षेत्रफल) 7.21 एकड़ है। जमीन की खरीद-बिक्री में जिन लोगों को प्रमुख आरोपी बनाया गया है, उसमें विमल सिंघानिया, जय प्रकाश सिंघानिया, निर्मल शर्मा और स्वाति सिंघानिया का नाम शामिल है।

जमीन जमुआरी मौजा के खाता नंबर 10,11, 33, 29 और प्लॉट नंबर 138, 139, 140, 142, 160, 161 और 162 है। जमीन पर खुद का मालिकाना हक बताने वाले सुशांत घोष ने इन सभी लोगों के खिलाफ पिथोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी है। पिठोरिया थाना में दर्ज प्राथमिकी को टेकओवर करते हुए सीआइडी ने जांच शुरू की है।

**प्रशांत घोष की जगह फर्जी व्यक्ति का इस्तेमाल कर पावर ऑफ एटर्नी लेने का आरोप :** प्राथमिकी में कहा गया है कि विमल सिंघानिया ने साजिश के तहत प्रशांत घोष की जगह किसी फर्जी व्यक्ति का इस्तेमाल कर उनकी जमीन की पावर ऑफ एटर्नी ले ली। उसके आधार पर प्रशांत घोष की जमीन की खरीद-बिक्री की गयी। रांची में स्थित जमीन की पावर ऑफ एटर्नी चौबीस परगना, पश्चिम बंगाल के रजिस्ट्री कार्यालय में 19 अप्रैल 2023 को हुई है, जिसका नंबर 160400155 है।

## आज सीएम की रिट पिटीशन पर सुनवाई

**रांची।** इडी के समन के खिलाफ हाइकोर्ट में दाखिल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिट पिटीशन पर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी। याचिका पर सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में होगी। हेमंत सोरेन ने 23 सितंबर को झारखंड हाइकोर्ट में इडी के समन के खिलाफ रिट पिटीशन दाखिल की है। दाखिल पिटीशन में डिफेक्ट था, जिसे दूर करने के लिए 3 अक्टूबर तक का समय दिया गया। पिटीशन में जो कमी थी, उसे दूर कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने इडी की उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई न करने का आदेश पारित करने का आग्रह किया है।

# बदली चार अनाथ लड़कियों की तकदीर चारों को मिला किस फाउंडेशन का समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** किस फाउंडेशन के बदौलत पुरी जिले के चंदनपुर के पास रघुराजपुर गांव की 4 अनाथ बहनों की किस्मत बदल गई है। आज उनके चेहरे मुस्कुरा रहे हैं। पिछले वायदे के मुताबिक कीस फाउंडेशन के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने गुरुवार को उक्त 4 बहनों में से 3 को किट और किस में नियुक्त किया है। रघुराजपुर के लक्ष्मीधर महापात्र और उनकी पत्नी की मौत के बाद उनकी चार बेटियां बेसहारा हो गयीं। मीडिया से यह खबर सुनने के बाद प्रो अच्युत सामंत ने किस फाउंडेशन की ओर से पिता और माता की चारों बहनों को उनके परिवहन और शिक्षा के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की। अब बड़ी बहन रमामणि स्नातक हैं, जबकि दो मंझली बहन स्नातक की डिग्री पूरी कर चुकी हैं। सबसे छोटी बहन 8वीं कक्षा में पढ़ रही है। श्री सामंत समय-समय पर उनसे मिलते थे और उनके बारेमें पूछते थे। श्री सामंत जी उन्हें समझाते थे कि धैर्य रखें और पढ़ने पर ध्यान केन्द्रित करें। उनके पास रहने के लिए कोई घर नहीं था।

राममणि ने सरकारी योजना के तहत घर बनाने की कोशिश की, लेकिन वह पूरा नहीं हुआ। यह जानने के बाद प्रो अच्युत सामंत ने घर को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने वादा किया कि पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें कीट और किस में नौकरी पर रख लिया जाएगा। आज, तीनों बहनों ने प्रो अच्युत सामंत से मुलाकात की और नियुक्ति पत्र प्राप्त किया। रमामणि और उनकी दोनों बहनों ने कीट और कीस द्वारा नौकरी पर रखे जाने पर संस्थापक श्री सामंत जी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि किस फाउंडेशन की वजह से ही आज हम यहां तक पहुंचे हैं। किस फाउंडेशन और अच्युत सामंत के ऐसे महान कार्य को क्षेत्रीय स्तर पर काफी सराहना मिली है।

## कुर्मी को किसी भी कीमत में आदिवासी बनने नहीं दिया जायेगा : फुलचंद तिर्की



**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरना समिति एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल कुर्मी को आदिवासी बनने से रोकने के लिए जागरूकता अभियान के तहत ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत नीमड़ी प्रखंड ग्राम जाता का दौरा किया। जिसमें जाता गांव में बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जाता ग्राम के गोविंद उरांव ने की। कुर्मी को आदिवासी बनने से रोकने के लिए विचार विमर्श किया गया। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि कुर्मी को किसी भी कीमत में आदिवासी बनने नहीं दिया जाएगा। पूरे झारखंड में केंद्रीय सरना समिति जागरूकता अभियान चला रही है। बहुत जल्द कुर्मी को आदिवासी बनने से रोकने के लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा ने कहा कि कुर्मी आदिवासियों का अधिकार लूटने के लिए आदिवासी बनना चाह रहे हैं। कुर्मी मूर्ति पूजा करते हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक पूजा पाठ पंडित से करवाते हैं। जबकि आदिवासी प्राकृतिक पूजक है। जन्म से लेकर मृत्यु तक पाहन के द्वारा अनेक नियम पूजा पाठ करते हैं। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के महासचिव बना मुंडा दीपक जायसवाल एवं इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लालू, विकास, जगबंधु, संदीप, अनिल , दिनेश, कृष्णा, गोविंद और अन्य मौजूद थे।

## सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं : प्रभात



**रांची (आजाद सिपाही)।** आप पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तार के खिलाफ आम आदमी पार्टी के झारखंड इकाई शुक्रवार को केंद्र सरकार का पुतला फूंकने का निर्णय लिया है। इस संबंध में गुरुवार को आप के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि केंद्र की सरकार संविधान और नियम को ताक पर रखकर असंवैधानिक तरीके से विपक्ष के सभी बड़े नेताओं को तोड़ने का काम कर रही है। उन्हें बिना सबूत, जेल में डालकर जनता की आवाज को दबाने का काम कर रही है। साथ ही इंडिया डॉट गठबंधन मजबूत हो चुकी है, इसलिए एनडीए सरकार को यह खटक रहा है। भाजपा केजरीवाल सरकार को परेशान करने का हर वह हथकंडा अपना रही है जिसे केजरीवाल सरकार परेशान रहे और जनता के लिए वह काम नहीं कर सके, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरि सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव मौजूद थे।

## कुर्मी को आदिवासी बनने से रोकने के लिए जागरूकता

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरना समिति और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल कुर्मी को आदिवासी बनने से रोकने के लिए जागरूकता अभियान के तहत ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत नीमड़ी प्रखंड ग्राम जाता का दौरा किया, जिसमें जाता गांव में बैठक आयोजित की गयी। पूरे झारखंड में केंद्रीय सरना समिति जागरूकता अभियान चला रही है। बहुत जल्द कुर्मी को आदिवासी बनने से रोकने के लिए बड़ा आंदोलन किया जायेगा। कुर्मी मूर्ति पूजा करते हैं और पंडित से जन्म से लेकर मृत्यु तक पूजा पाठ करते हैं, जबकि आदिवासी प्राकृतिक पूजक हैं।

## नेक्स्ट ने शुरू किया स्कॉलरशिप प्रोग्राम

**रांची (आजाद सिपाही)।** करियर के नये अवसरों के बावजूद भारत में करोड़ों युवा आज भी बड़े होकर आईएएस, आईपीएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। लाखों बच्चे अपने इस सपने को पूरा करने के लिए कई-कई साल दिल्ली, पटना, इलाहाबाद जैसे बड़े शहरों में रहकर कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाने वाली इस परीक्षा की तैयारी में खुद को झोंक देते हैं। इन्हीं बच्चों में से आप एक हैं, तो मेड ईजी ग्रुप का नेक्स्ट आईएएस इंस्टीट्यूट आपके लिए एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम लेकर आया है। यह सुनहरा अवसर आपके आईएएस अधिकारी बनने के सपने को सच करने की दिशा में आशा की किरण साबित हो सकता है। इसके तहत आप इंग्लिश और हिंदी माध्यम से जनरल स्टडीज के प्री-कम-मेंस फाउंडेशन कोर्स (ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन मोड) में ट्यूशन फीस पर 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप पा सकते हैं।

# संबलपुर मंडल में सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच सतर्कता जागरूकता फैलाने के लिए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर, संबलपुर के सभा कक्ष में एक सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन किया गया । आनंद, अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व तट रेलवे के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजीनियरिंग) प्रीतिराज पाणिग्रही ने सेवा रिकॉर्ड, संविदात्मक कार्य, स्टोर से संबंधित मामले, स्थापना से संबंधित मामले, वाणिज्य और यातायात से संबंधित मुद्दों के अनुचित रखरखाव में सामान्य त्रुटियों पर सतर्कता जागरूकता पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (एस एंड टी), समीर महापात्र और एवीओ (पी), ए. रामा राव ने भी एक पावर प्वाइंट प्रस्तुत किया और सतर्कता मुद्दों के ज्ञान को समृद्ध करने के लिए चर्चा की। इस अवसर पर श्री आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर ने रेलवे अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को सतर्कता और डी एंड ए नियमों के बारे में अपने संदेह दूर करने की सलाह दी और कहा कि इस प्रकार के सेमिनार से हमें मदद मिलेगी।

## तारा शाहदेव पर फैसला असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीतः संजय सेठ



**रांची (आजाद सिपाही)।** नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामले में न्यायालय के फैसले का रांची के सांसद संजय सेठ ने स्वागत किया है। सांसद ने इसे असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म की जीत बताया है। सांसद ने कहा कि यह न्याय तारा शाहदेव के संघर्ष का परिणाम है। समाज के धैर्य का परिणाम है। अधर्म के रास्ते पर चलने वाले विधर्मियों के खिलाफ एकजुट होकर खड़े समाज की एकता का परिणाम है। सांसद ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आज से नौ वर्ष पूर्व धर्मांतरण के लिए जब नेशनल शूटर तारा शाहदेव को निशाना बनाया गया, उस वक्त सिर्फ रांची शहर नहीं, पूरा देश तारा के साथ खड़ा हुआ। हम सबने तारा की मदद की और फिर समाज के एक साथ खड़े होने का यह परिणाम आज हम सबके सामने है। सांसद ने कहा कि जब भी ऐसी परिस्थितियों हो, बेटियों बहनों पर अत्याचार हो, विधर्मी मानवता के ऊपर प्रहार करें, ऐसे में समाज जब एकजुट खड़ा रहेगा तो चाहे विधर्मी कितना भी शक्तिशाली हो, उसका पतन तय है। सांसद ने इस फैसले पर न्यायालय का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि इससे भारतीय न्याय व्यवस्था के प्रति आम जनता का विश्वास और भी गहरा हुआ है। धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ना झेल रही बेटियों-बहनों को न्याय दिलाने का मार्ग खुला है।

## तारा ने हिम्मत नहीं छोड़ी महिलाओं के लिए यह प्रेरणादायक है: धर्मेंद्र तिवारी



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि तारा शाहदेव प्रताड़ित मामले में सीबीआई कोर्ट ने जो निर्णय दिया है रकीबुल को आजीवन कारावास और 50000 जुमार्ना लगाया। मुस्ताक अहमद को 15 वर्ष आश्रम कारावास और 50000 रुपये जुमार्ना। कौशल रानी को 10 साल की सजा और 50000 रुपये जुमार्ना। सीबीआई को बहुत-बहुत बधाई। तारा शाहदेव के हिम्मत को दाद देना होगा। साहस और हिम्मत से जीत मिलती है, तारा ने हिम्मत नहीं छोड़ी महिलाओं के लिए यह प्रेरणादायक है वह टूटी नहीं। न्याय प्रक्रिया पर उन्हें भरोसा था और हमारे देश का सर्वोच्च संस्था सीबीआई जो दूध का दूध पानी का पानी करती है उन्होंने इस केस को जांच किया और आज उनका निर्णय ऐतिहासिक स्वागत योग्य है। पूर्व में जो जांच चली उसपर लोगों को भ्रम था भ्रष्टाचार चरम पर, हर विभागों में लेकिन आज सीबीआई ने अपनी गरिमा साबित कर दी। लव जिहाद के केस में न्याय मिला। महिला बहनों को आगे आना चाहिए और हिम्मत से इस तरह की चीजों का सामना करना चाहिए।

## अनुराग ठाकुर के साथ डॉ. रमन सिंह ने की पत्रकार वार्ता

# भू-पे एप्प किया लॉन्च, स्कैन करते ही भूपेश सरकार के सारे भ्रष्टाचार होंगे सामने

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायपुर।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आज रायपुर पहुंचे और छत्तीसगढ़ के भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ हॉटल बेबीलॉन कैपिटल में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भू-पे बारकोड लांच किया जिसे स्कैन करते ही आप भू-पे डॉट कॉम वेबसाइट पर पहुंच जायेंगे जहां आपको भूपेश सरकार में हुए सारे भ्रष्टाचारों की जानकारी मिल जायेगी। इसे लांच करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश से अलग कर छत्तीसगढ़ को राज्य का रूप देने का काम अटल बिहारी बाजपेयी ने किया था। मध्यप्रदेश भाजपा की सरकार बनने के पहले बीमारू राज्य था। उस वक्त छत्तीसगढ़ में कितनी चुनौतियां थीं। छत्तीसगढ़ में जब बीजेपी की सरकार बनी तो नये आयाम बने। लेकिन पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बेहाल कर दिया. छत्तीसगढ़ में 40 हजार बच्चों की मौत हो गई, हजारों कर्मियों को सड़कों पर आना पड़ा। मंडी टैक्स दुगुना किया, जो वादे किए, पूरा नहीं किया साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऐसी स्थिति बन गई है कि कोई भी घोटाला कर लो और भू-पे कर दो। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि इस सरकार ने घोषणा पत्र के प्रमुख 36 वादे भी पूरे नहीं किए, 600 करोड़ का चावल घोटाला, 2, 161 करोड़ का शराब घोटाला, 5,000 करोड़ का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में घोटाला, 1300 करोड़ का गौठान घोटाला, 229 करोड़ का गोबर घोटाला समेत कई घोटाले किए हैं इसके साथ ही युवाओं से सीजीपीएससी में छल किया, महादेव एप्प में जुए सट्टे की ट्रेनिंग दी इन सब के विरुद्ध हमने जनता को साथ लाने के लिए 12 सितंबर को दंतेवाड़ा और 16 सितंबर को जशपुर से परिवर्तन यात्रा निकाली थी जिसका समापन नरेन्द्र मोदी ने 30 सितंबर को बिलासपुर में परिवर्तन महासंकल्प रैली में किया और हमारी यह यात्रा जहां भी गयी वहां जनता ने पूरे उत्साह से इस परिवर्तन यात्रा का स्वागत किया।

# वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की बैठक आयोजित

**5वां स्थापना दिवस को सफल बनाने की बनी रणनीति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में गुरुवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता ने किया। बैठक में सर्वप्रथम 12 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन सभागार में आयोजित 5वां स्थापना दिवस की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गयी। तय किया गया कि इस बार भी पांच कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट वैश्य सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। जबकि पांच अन्य लोगों को भी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जायेगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी पदाधिकारी और सदस्य परिवार के साथ शामिल होंगे। बैठक में सभी पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी भी दी गयी। जनसंपर्क चला कर और प्रबुद्ध लोगों से मिल कर उन्हें आमंत्रित किया जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को यह जान लेना चाहिए कि यह कोई आम सामाजिक संगठन नहीं है। वैश्य मोर्चा समाज के लिए लड़ने और उनके सुख दुख में शामिल होने वाला संगठन है। इसलिए 5वां स्थापना दिवस समारोह का काफी महत्व है।

## दुर्गा पूजा के दौरान साफ-सफाई और अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा-दशहरा त्योहार को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें विशेष साफ-सफाई, पथ प्रकाश, पेयजल आपूर्ति, विधि व्यवस्था को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञाप्ति के अनुसार बैठक में विभिन्न क्षेत्रों और चौक-चौराहों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इसे लेकर परवेक्षक और सफाई कर्मियों का रोस्टर तैयार किया गया है, जिसकी सतत निगरानी पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी। बताया गया कि प्रशासन की ओर से पानी के टैंकर की उपलब्धता आवश्यकता के अनुसार सुनिश्चित की जाएगी। ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। विशेष रूप से अष्टमी, नवमी और दशमी को रूट का डायवर्सन किया जाएगा भारी वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा। बैठक में निर्देश दिए गए कि शहरी क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी और स्ट्रीट लाइट जो खराब स्थिति में हैं, उन्हें क्रियाशील किया जाय। त्योहार के दौरान सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से क्षेत्र की निगरानी की जाएगी। प्रतिमा के विसर्जन के लिए उचित लाइटिंग और साफ-सफाई की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आवश्यकता के अनुरूप बैरिकेटिंग की जाएगी। बैठक में गड्ढों को ठीक करने और खराब सड़कों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। दुर्गा पूजा-दशहरा के दौरान जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का संचालन किया जाएगा। साथ ही कंट्रोल रूम नंबर भी जारी किए जायेंगे, जिससे आमजन अपनी शिकायतें अथवा समस्या प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं।

## खलारी में मनरेगा के तहत हुई सामाजिक अंकेक्षण एवं प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को मनरेगा अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण सह प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई आयोजित की गयी। जिसमें ज्यूरी सदस्य के रूप में मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जयसवाल, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिला परिषद सदस्य पूर्वी सरस्वती देवी, सोशल ऑडिट टीम से बीआरपी एफसी सतीश कुमार वर्मा उपस्थित थे। इस दौरान उक्त सभी लोगों ने पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में जो भी मामला आया था उस से संबंधित प्रखंड में मामलों का निष्पादन किया गया। इसमें लपरा एवं हुटाप पंचायत से सभी मामलो का निष्पादन कर लिया गया। वहीं खलारी पंचायत से एक योजना में 3578 रुपयों का अर्थदंड लगाया गया। मायापुर पंचायत से एक योजना में वेंडर पर 6000 रुपयों का जुर्माना लगाया गया। चूरी दक्षिणी पंचायत में दो योजना में 4950 रुपयों का अर्थदंड लगाया गया। इस मौके पर सोशल ऑडिट यूनिट टीम से उमर फारूक, भानु प्रताप सिंह, भरत कुमार राम, इमरोज अख्तर, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी बिनय कुमार गुप्ता, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, पुतुल देवी, मलका मुंडा, पुष्पा खलखो, शिवरत मुंडा, पंचायत सचिव पुषा मुंडा, जेई रमेश प्रसाद, शिववचन मुंडा, अमर फारुक, अजय कुमार, जलेश्वर यादव, सत्यनारायण, सामग्री आपूर्तिकर्ता वेंडर विजय यादव, हरिशंकर यादव, अनोद यादव, राधेश्याम प्रसाद सहित पंचायत से आए हुए ग्राम प्रधान और ग्रामीण उपस्थित थे।

## बहेरा मदरसा में जलसा-ए-सिरातुन नबी का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के मदरसा इमदादुल उलूम बहेरा में जलशा-ए-सिरातुन नबी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुरान पाक की तिलावत के साथ की गई। इस कार्यक्रम में मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों ने एक से बढ़कर एक नात शरीफ, तकरीर और नजम आदि पेश किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। इस कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मदरसा के बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने इस तरह से आयोजन की सराहना की। साथ ही बच्चों से बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के साथ इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। इस मौके पर बहेरा मदरसा के नाजिम कारी रियासत, हाफिज आजाद, मौलाना वहाजुल हक, हाफिज सफी आलम, हाफिज मो सफीक, बहेरा अंजुमन के सचिव सलीम जावेद, नायब सदर कासिम उर्फ मुन्ना, हाजी शाहनवाज, फैयाज खान, वसीम रजा, मो एहसान, मो जसीम, मो जमशेद सहित काफी संख्या में मदरसा के बच्चे और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## हाथियों के उपद्रव और फसल बर्बाद होने से आक्रोशित किसानों ने दिया धरना




**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** जंगली हाथियों के उपद्रव और किसानों के सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद होने से आक्रोशित झारखंड राज्य किसान सभा की ओर से सोनाहातू प्रखंड कार्यालय के समक्ष गुरुवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कि विगत 15 दिनों से प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसानों के धान फसल बर्बाद हो चुके है। किसान भय और आतंक के साये जी रहे है। हमारी मांग है कि वन विभाग हाथियों से हमारी फसल की बर्बादी को रोके। किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा दिया जाय। कृषि क्षेत्र से हाथियों को भगाने की पहल की जाय। कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र भी सौंपा गया। मौके पर रतन महतो, उमेश महतो, घुरन पातर, दिनेश महतो, बसंत मुंडा, राजेंद्र सिंह मुंडा, मुचीराम मुंडा, विश्वनाथ कुम्हार, मनियां महतो, कर्म चंद्र सेठ आदि मौजूद थे।

### अशोका परियोजना के वर्कशॉप में 60 टन के दो नये हॉलपैक का उद्घाटन

# सभी के सहयोग से पूरा करेंगे उत्पादन का लक्ष्य: सीबी सहाय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोका परियोजना के वर्कशॉप कार्यालय में गुरुवार को एक समारोह आयोजित कर 60 टन के दो नये हॉलपैक मशीन का उद्घाटन किया गया। इस समारोह के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के जीएम एक्सावेशन एसके सिंह और पिपरवार जीएम सीबी सहाय उपस्थित थे। इस अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर मशीन का उद्घाटन किया। जिसके बाद सभी के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस संबंध में पिपरवार एरिया के जीएम सीबी सहाय ने कहा कि अशोक परियोजना में 60 टन के दो नए हॉलपैक मशीन के आने से कोयला उत्पादन और संप्रेषण में मदद मिलेगी। कोयला उत्पादन से लेकर संप्रेषण में हॉलपैक मशीन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि कंपनी की ओर से पिपरवार एरिया को दिए गए लक्ष्य को सभी अधिकारियों और कर्मचारी के सहयोग से पूरा किया जाएगा। वर्तमान में पिपरवार एरिया जमीन की समस्या से जूझ रही है। इसके बावजूद सभी चुनौतियों का सामना कर यहां के अधिकारी और कर्मचारी मेहनत के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अशोका वेस्ट कोयला खदान और पिपरवार भूमिगत खदान के चालू होने के बाद पिपरवार एरिया का कोयला उत्पादन लक्ष्य बढ़ेगा और पिपरवार एरिया फिर से अपने पुराने फार्म में नजर आएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आपसी तालमेल और एकजुट होकर काम कर कंपनी द्वारा दिए गए उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने की अपील की। इस मौके पर जीएम एसके सिंह, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा, संजीव कुमार, खान प्रबंधक एसके सिंह, शेषनाथ प्रसाद सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



अशोका में मशीन का उद्घाटन के मौके पर उपस्थित पिपरवार के जीएम सीबी सहाय व अन्य अधिकारी।

## तोरपा में आज पहुंचेगी विहिप की जागरण शौर्य यात्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा निकाली गयी बजरंग दल शौर्य जागरण रथ शुक्रवार की शाम को तोरपा पहुंचेगी। जिसका जारेदार स्वागत किया जाएगा। इसकी जानकारी विश्व हिंदू परिषद के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की शाम को राम रथ तोरपा पहुंचेगा, जो पूरे क्षेत्र का परिभ्रमण करेगा। नगर भ्रमण के बाद तोरपा मेन रोड स्थित बजरंगबली मंदिर में विशेष महा आरती की जाएगी। शौर्य यात्रा का रत्रि विश्राम तोरपा में होगा। उसके अगले दिन यानी शनिवार को रथ लापुंग क्षेत्र के लिए रवाना होगा। एमपी सिंह ने अपील की कि लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

## पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली

**उलिहातू के विकास को लेकर एक्शन प्लान तैयार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** भगवान बिरस मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू के विकास को लेकर एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, इरिगेशन, रूरल रोड कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केंद्र व अन्य क्षेत्रों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन के लिए डीसी के निर्देश पर योजना तैयार की गई है। डीडीसी ने डीसी के निर्देश पर गुरुवार को बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने भ्रमण कर विद्यालय, पीएचसी, आंगनबाड़ी केंद्र एवं अन्य कार्यों को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की गई। इनमें जनरल ओपीडी, आयुष क्लीनिक, प्रसवपूर्व देखभाल सेवाएँ, एनसीडी क्लिनिक, फामेर्सी, सिकल सेल परीक्षण को लेकर निर्देश दिए गए। बैठक में दो विद्यालयों पीएस कंट्रापीरी स्कूल और एमएस उलिहातु कन्या विद्यालय की आधारभूत संरचना को विकसित करने का निर्णय लिया गया। इनमें विशेष रूप से आधारभूत सरंचना का विकास, स्मार्ट क्लास, खेल कूद एवं पुस्तकालय की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर विद्युतीकरण और आंगनबाड़ी केंद्रों का विकास, सिंचाई, सड़क निर्माण, आयुष्मान कार्ड, बागवानी सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में उलिहातू को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबेध में भी विचार विमर्श किया गया।



## नहाय-खाय के साथ जिउतिया पर्व शुरू

**त्योहार को लेकर साप्ताहिक हाट में सब्जियों के भाव में तेजी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** क्षेत्र में संतान की सुख समृद्धि के लिए माताओं द्वारा किया जाने वाला जिउतिया पर्व का शुभारंभ गुरुवार को नहाय खाय के साथ हुआ। व्रती महिलाओं ने स्नान के बाद शुद्ध रूप से भात, दाल, पांच-सात प्रकार की सब्जी, पापड़ आदि बनाया। जिसे भगवान को भोग लगाने व पूजन के बाद परिवार के साथ भोजन ग्रहण किया। शुक्रवार को व्रती माताएं जिउतिया पर्व का निर्जला उपवास रखेंगी। शनिवार को पारण के साथ ही जिउतिया व्रत का समापन होगा। उधर, क्षेत्रों में जिउतिया व्रत की तिथि को लेकर संषय की स्थिति बनी हुई है। कुछ व्रर्ती महिलायें शनिवार को उपवास रखेंगी। इधर खलारी बुकबुका में गुरुवार को साप्ताहिक हाट में सब्जियों के दाम आसमान पर रहे। 20 रुपये किलो बिकने वाला सतपुतिया झिंगी, इस पर्व में अपनी विशेष महत्व के कारण 200 रुपये प्रति किलो बिका। इसके अलावा नोनी साग 100 रुपये किलो, खीरा 60 रुपए, कंदा 40 रुपए, कोहड़ा 40, बैगन 40 रुपए, फुलगोभी 40 रुपए, भिंडी 40 रुपए, नेनुआ 40, कद्दू 40 रुपए, परवल 40 रुपए, पोई साग 40 रुपए, टमाटर 30 रुपए किलो बिका। जिउतिया पर्व में जरूरत के कारण लोग हरी सब्जियां पाव, आधा किलो ही खरीद रहे थे। आम दिनों की अपेक्षा इस दिन बाजार में खरीदारों की काफी भीड़ थी। वहीं जितिया गूंथने वाले केडी, डकरा आदि बाजार के फुटपाथ से लेकर साप्ताहिक हाट तक दुकान सजे थे।



## सीआइएसएफ ने जेवियर स्कूल में किया पौधरोपण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** वृक्षारोपण महोत्सव कार्यक्रम के तहत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एनके एरिया और पिपरवार यूनिट द्वारा गुरुवार को डकरा स्थित जेवियर स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। यूनिट के डिप्टी कमांडेंट मृत्युंजय स्वामी सहित जवानों ने विद्यालय परिसर में दर्जनों पौधे लगाए। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों के हाथों से भी वृक्षारोपण कराया गया। डिप्टी कमांडेंट ने कहा कि बदलते माहौल में वृक्षारोपण बेहद जरूरी हो गया है।

### खूंटी के बिरसा कॉलेज में मनी महान विरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती

# रानी दुर्गावती का अदम्य साहस और बलिदान देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा: डॉ अल्पना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) खूंटी की ओर से बिरसा कॉलेज में गुरुवार को नारी शक्ति के शौर्य और स्वाभिमान की प्रतीक व धर्म एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए खुद का बलिदान देने वाली महान वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विशेष बिरसा कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान की शिक्षिका डॉ अल्पना कुमारी और एसएफएस प्रमुख पवन कुमार महतो ने रानी दुर्गावती की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में मुगलों को चुनौती देनेवाले शासकों में महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ ही वीरांगना दुर्गावती का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना की नाकों में दम कर दिया था। रानी दुर्गावती ने देश, स्वाभिमान और धर्म की रक्षा के लिए युद्ध भूमि को चुना और कई बार शत्रुओं को पराजित करते हुए अपना बलिदान दिया। रानी दुर्गावती का अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान समस्त देशवासियों को युगों-युगों तक प्रेरित करता रहेगा। इस मौके पर डॉ सुशील रंजन, डॉ रूबी किरण, जिला सहसंयोजक प्रकाश टूटी, माया कुमारी, अनामिका कुमारी और मंगल कुम्हार आदि उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा, उन्हें आर्थिक सहायता भी देनी होगी : पीडीजे



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और रांची डालसा के निर्देश पर खूंटी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में 100 दिवसीय बच्चों के हिट संबंधित विशेष विधिक जागरूकता और सहायता अभियान का आयोजन किया गया। डालसा अध्यक्ष ने कहा कि खूंटी एक पिछड़ा जिला है, जहां बच्चों के साथ होने वाले अपराध सबसे अधिक हैं। बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा और उनको आर्थिक सहायता भी देनी होगी। स्पॉन्सरशिप स्कीम व अन्य लाभकारी योजनाओं से बच्चों को जोड़ना होगा। सभी पीएलबी को प्रखंड और पंचायत स्तर पर अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर कानूनी जागरूकता और सहायता के लिए प्रयास करना होगा। वहीं, सचिन मनोरंजन कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम खास कर दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले बच्चे और उनके अभिभावकों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहा है।

### उलिहातू में प्रशासन ने लगाया विकास शिविर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी लोकेश मिश्रा के निर्देश पर अड़की प्रखंड के बाड़ीनिज केल पंचायत के उलिहातु ग्राम में गुरुवार को विकास शिविर लगाया गया। जो 12 अक्तूबर तक संचालित होगा। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाये गए, जहां ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, आभा कार्ड, कौशल, कृषि, बैंक, जेएसएलपीएस समेत अन्य विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। लोगों से सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ उठाने की अपील की गयी। प्रज्ञा केंद्र एवं आयुष्मान भारत कैंप में लोगों को आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी गई। सामाजिक सुरक्षा योजना के स्टॉल में पेंशन के लिए लोगों ने आवेदन जमा किया। ग्रामीणों ने बताया कि कैंप से उन्हें सुलभ सुविधाएं मिल रही।

### तमाड़ में हुआ राम रथ का भव्य स्वागत



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ रायडीह चौक में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, हिंदू क्रांति सेना और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही महिलाओं-युवतियों ने गुरुवार को राम रथ का भव्य स्वागत किया। अयोध्या में भव्य भगवान राम का मंदिर निर्माण का कार्य जारी है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साल 2024 के जनवरी में करेंगें। इसी निमित्त पूरे भारत में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद आदि की ओर से बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा राम रथ परिभ्रमण किया जा रहा है। जमशेदपुर से राम रथ तमाड़ के रायडीह चौक पहुंचा। जहां राम भक्तों ने राम रथ में विराजमान भगवान राम की आरती एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम, बजरंग बली की जय का नारा लगाया। जमशेदपुर से तमाड़ आने के क्रम में राम रथ का रड़गांव, भुंइयाडीह चौक, दिउड़ी मंदिर, रायडीह चौक में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर लछमन सिंह मुंडा, किंकर महतो, अमित महतो, परसुराम दास, प्रदीप पांडेय, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, शंकर सोनार आदि के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राम रथ का भव्य स्वागत किया।

### कांग्रेस की बैठक में बूथ कमेटी बनाने और पार्टी को मजबूत करने को लेकर हुई चर्चा



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बुढ़ाडीह गांव में गुरुवार को कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष मोती सेठ ने की। बैठक में बूथ कमेटी बनाने और संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर महतो, भीम नायक, अनीस मंडल, गंगाधर सिंह मुंडा, जीवनाथ माहली, गणेश मछुआ, प्रेम सिंधु मुंडा, रिपु सुधन मुंडा, दिवाकर पांडे, रत्नाकर मुंडा, बान सिंह मुंडा, कृष्ण कोहरा, भजोहरी मुंडा, सतनारायण कर्मकार और फेकला मछुआ आदि उपस्थित थे।

### रैयत विस्थापित मोर्चा ने नया बस्ती में किया साड़ी व गमछा का वितरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा की ओर से नया बस्ती में जरूरतमंद महिला एवं पुरुषों के बीच साड़ी-गमछा का वितरण किया गया। मोर्चा के एरिया उपाध्यक्ष अमृत भोगता सह सचिव रामलखन गंझू, कोषाध्यक्ष प्रभाकर गंझू, संगठन सचिव अशोक राम एवं जितेंद्र सिंह ने महिला एवं पुरुषों के बीच-बारी बारी से साड़ी एवं गमछा बांटा। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के सहयोग से सभी विस्थापित गांव के जरूरतमंद लोगों के बीच साड़ी एवं गमछा का वितरण किया जा रहा है। मोर्चा के लोगों ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि विस्थापित गांव नया बस्ती में सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता कर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर छोटू राम, साजिद असारी, एजाजुल असारी, सूरज लोहरा, प्रमोद लोहरा, प्रेम खलखो, राजू सिंह, रकीब असारी, साकिर असारी, लूसी उरांव, सतेंद्र सिंह, सुदामा राम, सागर राम, खरतु तुरी, प्रीति शर्मा, विमला देवी, जाशो देवी आदि मौजूद थे।

# अनगड़ा में एक ऐसा परिवार, जिसके सभी सदस्य मानसिक रोग से ग्रसित हैं



**भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष ने प्रदेश महामंत्री से बेहतर इलाज की व्यवस्था कराने तथा आर्थिक मदद उपलब्ध कराने का आग्रह किया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** कुदरत का खेल कहें या फिर कोई अनहोनी थाना क्षेत्र के लुपूंग गांव में एक ऐसा परिवार है जिसके सभी सदस्य मानसिक रोग से ग्रस्त हैं। इस बात की जानकारी देते हुए भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण जिला की उपाध्यक्ष नूतन केशरी ने कहा कि इस परिवार की भूभन देवी (60) जो पिछले कई वर्षों से मानसिक रोग से ग्रस्त है। उसकी बेटी फुतूल कुमारी (40) एवं पुत्र विजय चैधरी (35) भी मानसिक रोगी हैं। वहीं भूभन देवी की मां स्व. कुजरी देवी एवं चाचा स्व. लोदो चैधरी भी मानसिक रोग की चपेट में थे। लगभग 25-30 वर्षों तक इसी असमान्य अवस्था में रहते हुए मां और चाचा की मृत्यु हो गई थी। एक पूरे परिवार का मानसिक रोग से ग्रसित हो जाना मनोचिकित्सकों एवं मनोवैज्ञानिकों के लिए अनुसंधान का विषय हो सकता है। इधर नूतन केशरी ने भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा को इस पीड़ित परिवार की असमान्य स्थिति से अवगत कराते हुए सरकारी स्तर पर बेहतर इलाज की व्यवस्था कराने तथा आर्थिक मदद उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

## मांडर विधायक ने लापुंग प्रखंड के जतालोया में किया दो सड़कों का शिलान्यास



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के जतालोया में डीएमएफटी योजना के तहत 34 लाख की लागत से बनने वाली दो पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधिवत तरीके से शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस मौके पर विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप ग्रामीणों का जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा फर्ज बनता है कि आपकी समस्याओ को सुनकर और उसका समाधान करने का प्रयास करु। विधायक ने ग्रामीणों को झारखंड सरकार के सरकारी योजनाओं के बारे मे बतलाया और उसका लाभ लेने को है। विधायक ने विभिन्न गांव का दौरा भी की और ग्रामीणों को जितिया के अवसर पर साड़ी एवं उपवास किए महिलाओं को बीच पूजा सामग्री फल-फूल अगरबत्ती का वितरण किया। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, सुरेश साहू, सत्यनारायण पाठक, संतोष दास, शिवनाथ दास, शुभाकर दास, प्रकाश दास, कार्यकर्ता समीर मुंडा, रंजीत मुंडा समेत कई लोग उपस्थित रहें ।

## नेहरू कप राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए राज्य बालिका टीम रवाना



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जवाहर लाल नेहरू हॉकी सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 29वीं नेहरू गर्ल्स नेशनल हॉकी प्रतियोगिता 2023 में भाग लेने हेतु गुरुवार को झारखंड राज्य अंडर 17 बालिका हॉकी टीम दिल्ली के लिए रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 6 से 11 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् रांची के तत्वावधान में खूंटी में आयोजित खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता की विजेता टीम सीएम उत्कृष्ट विद्यालय बालिका बरियातू रांची की टीम को राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने रांची रेलवे स्टेशन से रवाना किया। टीम में सलोमी नाग (कप्तान), अनुपमा होरो (गोलकीपर), सरोज कुमारी, जुबलियानी जोजो, संगीता कुमारी, लियोनी हेमरम, अनीशा केरकेट्टा, अंकिता लकड़ा, जुगन सोए मुंडा, जीरण सोए मुंडा, शांति कुमारी, गुलजन कुमारी, सेवानी केरकेट्टा, शांति होरो, रोशनी आईंद और रिचा मिंज तथा कोच करुणा पूर्ति व मैनेजर एम्मा बाड़ा शामिल हैं। मौके पर शिक्षा सचिव के. रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक श्रीमती किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीर सेन ए सोरेंग, हॉकी इंडिया के भोला नाथ सिंह, हॉकी झारखंड के विजय शंकर सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## लापुंग में 7 अक्टूबर को शौर्य जागरण रथ यात्रा का होगा भव्य स्वागत

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के लालगंज में 7 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे शौर्य जागरण रथ का स्वागत किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए लापुंग प्रखण्ड के सभी सनातनी बंधुओ माताओं ने आर्थिक सहयोग कर इस कार्यक्रम सफल बनाने में करने का संकल्प लिया। शौर्य जागरण रथ यात्रा तोरपा, गोबिंदपुर, फतेहपुर, लापुंग से लालगंज पहुंचेगी। वहां स्वागत करने के उपरांत प्रसाद वितरण के उपरांत रथ को सिसई के लिए विदा किया जाएगा। लालगंज काली मंदिर प्रांगण में शौर्य जागरण रथ का स्वागत कर साधु महात्माओं का पैर पखार कर पुष्प माला पहना कर, अंग वस्त्र देकर व नगाड़ा ढोल से किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फतेहपुर चौक में लगभग 200 मोटर साइकिल सवार युवक व बहनें इसकी अगुवाई कर शौर्य जागरण रथ को लालगंज तक पहुचेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विहिप संरक्षक नन्दलाल साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, मनटू कुमार, जनमेजय पाठक, देवेंद्र कुमार वर्मा, शिवनारायण वर्मा, लखन साहू, चरकु साहू, अनिल साहू, मुनेश्वर साहू, सत्यनारायण महतो, शिव शंकर साहू, रामवृत साहू, किश्वर नाग,विश्राम प्रधान, सुजीत कुमार, जगरनाथ उरांव, अजित शर्मा के अलावे दर्जनों सनातनी भाइ शामिल हैं।

## बिहार राजगीर के शुभम कुमार उर्फ सोनू का शव चौथे दिन हुंडरू फॉल के योगिया में मिला

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** बिहार राजगीर के शुभम कुमार उर्फ सोनू का शव चौथे दिन हुंडरू फॉल के जोगिया दाह के पत्थर में फंसा हुआ मिला। गुरुवार की सुबह से ही सिकिदिरी पुलिस शव को निकालने के लिए लगी हुई थी। थाने के तीन चौकीदार प्रदीप कुमार, राजाराम व चरकु नायक ने साहस दिखाते हुए तीन घंटे तक काफी कठिनाई से शव को बाहर निकाला। सिकिदिरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेजा। इधर मृतक शुभम के भाई ने सिकिदिरी थाने में यूडी केश दर्ज कराया। शव निकालने में सुबह से थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि, एस आई अरूण कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, ध्रुव राम, दिनेश, विजय, हवलदार का अहम योगदान रहा।

### 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के आधिकारिक कार्यक्रम की हुई शुरुआत

# विधानसभा स्पीकर तीन विषयों पर आयोजित परिचर्चाओं में भाग लिये

**कार्यक्रम में अलग अलग विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के आधिकारिक कार्यक्रम की गुरुवार को घाना की राजधानी अकरा में शुरुआत की गयी। अकरा के कन्वेंशन हॉल में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य थीम राष्ट्रमंडल चार्टर के दस वर्ष; संसदों द्वारा निर्धारित मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा। उद्घाटन समारोह को घाना के संसद के बहुमत दल के नेता और घाना के संसदीय कार्य मंत्री ओसी केयी मेन्सा बोन्स, राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के महासचिव स्टीफन ट्विग ने संबोधित किया। स्टीफन ट्विग ने अपने संबोधन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के प्राथमिकताओं के बारे में बात की। उन्होंने संसदों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व, मानवाधिकारों की रक्षा और जलवायु परिवर्तन को संघ की प्राथमिकता बताया। उन्होंने भारत, न्यूजीलैंड और सिएरा लियोन को संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए बधाइयां दी। ट्विग ने बताया कि राष्ट्रमंडल सचिवालय द्वारा राष्ट्रमंडल को एक विधायी स्वरूप देने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। ब्रितानी सरकार अगर इस बार इस संबंध में कानून बनाने की पहल नहीं करती है तो राष्ट्रमंडल का मुख्यालय ब्रिटेन से हटाये जाने पर विचार किया जायेगा।

बता दें कि राष्ट्रमंडल की स्थापना एक कल्याणकारी संस्था के रूप में की गयी थी परंतु अब इसे ब्रिटिश संसद के द्वारा कानूनी स्वरूप प्रदान कराने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का मूल भाषण घाना के राष्ट्रपति नाना अडो डंकवा अकुफो अडो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अलग अलग विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गयी। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने तीन विषयों पर आयोजित परिचर्चाओं में भाग लिया। प्रथम ऊर्जा संकट और पर्यावरण संरक्षण, दूसरे विषय संसद में महिला आरक्षण का महिला सशक्तिकरण में योगदान विषय। और तीसरे विषय ई संसद के माध्यम से संसदीय प्रक्रिया को और कारगर बनाया जाना। इस विषय पर अध्यक्ष ने अपने विचार रखते हुए ई संसद के महत्व पर प्रकाश डाला और इस दिशा में झारखंड की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए नेशनल ई विधान एप्लीकेशन (नीवा) के माध्यम से सदस्यों को स्मार्ट डेस्क पर ले जाना तथा विधानसभा के चलते कार्यवाहियों को लाइव रूप से पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध कराया जाना आदि विषयों पर अपने व्याख्यान को केंद्रित रखा। शुक्रवार को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के जनरल असेंबली की बैठक निर्धारित है जिसमें अध्यक्ष द्वारा झारखंड ब्रांच का प्रतिनिधित्व किया जायेगा।

## मांडर के चेहल्लुम मेला में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता

**मेला में शामिल 20 टीमों ने हैरतअंगेज खेलों का प्रदर्शन कर लोगों को किया रोमांचित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड स्थित दुमदुमिया टोंगरी में गुरुवार को चेहल्लुम मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें 20 टीमों ने हिस्सा लिया। इस मेले में दूरदराज से भी लोग अपने-अपने टीमों के साथ चेहल्लूम मेला में शरीक हुए। जिसमें मुख्य रूप से गुमला, भंडरा, उरदंगी लोहरदगा की टीम शामिल है। इन टीमों ने अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता में हैरत अंगेज खेल दिखाकर लोगों में रोमांच भर दिया। एक से बढ़कर एक तलवार का खेल, लाठी का खेल दिखाए। सभी टीमों को आयोजक की ओर से सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद राशि और तलवार भेंट की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता शफीक आलम शामिल हुए। मेला के सफल आयोजन में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शफीक अंसारी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रबुल अंसारी, माशूक अंसारी, सगीर अंसारी, इरशाद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, हसन अंसारी, शमीम अंसारी, अलीम अंसारी अंसारी का अहम रोल रहा। मौके पर सोनी तबस्सुम, शमीम अंसारी समेत हजारों लोग शामिल थे।

## अंडर 14 बालक वर्ग में हजारीबाग, चतरा, बोकारो और रांची सेमीफाइनल में पहुंची

आजाद सिपाही संवाददाता

**अंडर 14 बालिका वर्ग में दुमका, साहिबगंज, गढ़वा, पलामू, अंडर-19 बालिका वर्ग में प. सिंहभूम, रामगढ़, पाकुड़, रांची एवं अंडर 17 बालिका वर्ग में कोडरमा, पलामू, जामताड़ा और रांची की टीम सेमीफाइनल में पहुंची**

अनगड़ा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय एसजीएफआई कबड्डी प्रतियोगिता 2023 के अंडर 14 बालिका वर्ग में दुमका, साहिबगंज, गढ़वा, पलामू , अंडर-19 बालिका वर्ग में पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, पाकुड़, रांची एवं अंडर 17 बालिका वर्ग में कोडरमा, पलामू, जामताड़ा और रांची की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं अंडर 14 बालक वर्ग में हजारीबाग, चतरा, बोकारो और रांची की टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि अंडर 14,17,19 बालक एवं बालिका वर्ग के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के 1728 खिलाड़ी, 288 कोच मैनेजर भाग ले रहे हैं। भाग ले रहे खिलाड़ियों में से सभी 6 आयुवर्ग की टीम का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया जायेगा।

ज्ञात हो कि अंडर 14 बालक एसजीएफआई नेशनल रांची में तथा अन्य वर्ग आंध्रा, तेलंगाना, कर्नाटका में होना है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य उमेश कुमार दास, एम मोदस्सर, समीर कुमार, प्रभात रंजन तिवारी, जगजीत सिंह, शंकर पाल, कलावती कुमारी एवं विद्या कुमारी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

### परेशानी : कच्चे रास्तों में फैले कीचड़ से होकर निकलने को मजबूर हैं बोदागांव निवासी

# जिम्मेदार मोरम की जगह भर रहे मिट्टी, सड़क बदहाल

**कीचड़ व गंदगी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का करना पड़ रहा है सामना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जसमटोली पंचायत के बोदा गांव में डिपा टोली तालाब से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नदी टोली तक की कच्ची सड़क वर्षा से कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। गांव के लोग कीचड़ से होकर आना-जाना करने को मजबूर हैं। लोग अपने घरों तक वाहनों को नहीं लेजा पा रहे हैं। कीचड़ के रास्ते में मच्छर पनप रहे हैं। कीचड़ व गंदगी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे बीमारियों की चपेट में आने का खतरा बना हुआ है। गांव की कौशल्या भगताइन, सीता देवी, पुष्पा भगताइन, विद्या कुमारी, पूजा कुमारी, धनिया देवी, रूकमणी देवी व जेठा मुंडा आदि ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कच्चे रास्ते को अभी तक पक्का नहीं होने पर विरोध किया। वहीं विधायक की पहल पर गांव के कच्ची रास्तों को मोरम भरकर दुरुस्त कराया जा रहा है लेकिन खक्सी टोली के प्रेमचंद भगत ने मोरम की जगह गांव की सड़क में मिट्टी डालकर सड़क को बदहाल बना दिया है। जिससे यह सड़क ज्यादा ही खराब हो गई है। वैसे समस्या काफी पुरानी है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। बरसात के दिनों में गांव की स्थिति बद से बदतर बन जाती है। कीचड़ युक्त रास्ते से गांव के लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चे, महिलाओं व बुजुर्गों को हो रही है। उन्हें आए दिन कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। बोदा गांव का मुख्य रास्ता होने से प्रतिदिन गांव के दर्जनों लोगों का आना जाना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता गांव का मुख्य मार्ग है, लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों का कहना कि प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को गांव में आकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए। तभी जाकर गांव के हालातों के बारे पता लगेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### करमचंद भगत कॉलेज में अभाविप ने रानी दुर्गावती की जयंती मनायी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के परिसर में गुरुवार को अभाविप रांची ग्रामीण के बेड़ो इकाई के तत्वावधान में रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान रानी दुर्गावती के तस्वीर पर कॉलेज के प्राचार्य डा विंध्याचल राम व भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डा मीना पूर्ति ने दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य नेकहा कि रानी दुर्गावती का नाम भारत की उन महानतम वीरांगनाओं की सबसे अग्रिम पंक्ति में आता है, जिन्होंने मातृभूमि और अपने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। रानी दुर्गावती कालिंजर के राजा कीरत सिंह की पुत्री और गोंड राजा दलपत शाह की पत्नी थीं। मौके पर परिषद् के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह नगर सह मंत्री सोनम कुमारी, नगर सोशल मीडिया प्रभारी दिवाकर महतो समेत सतीश महतो, योगेश कुमार, हेमंत कुमार, रूपाली कुमारी, पिंकी कुमारी, शिखा, काजल, सोनाली व कृति आदि मौजूद थे।

### आपदा प्रबंधन व कल्याण विभाग की ओर से लाभुकों के बीच मुआवजा राशि का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को आश्रितो के बीच आपदा प्रबंधन की ओर से मुआवजे की कुल 555000 राशी का चेक व कल्याण विभाग से तीन लाभुकों के बीच मुर्गी के 500 -500 चूजे का वितरण मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर विद्यायक ने कहा कि सदा ही मेरा यह प्रयास रहा है, समय पर लाभुकों को उनके हिस्से का लाभ मिले। उन्होंने विभिन्न हादसों के शिकार हुए लोगों के परिवार के लिए संवेदना व्यक्त की।वही बीडीओ डा प्रवीण कुमार के तबादले पर कहा की प्रखंड के विकास के लिए उनका कार्यकाल सदा याद किया जाएगा। उनकी कार्यशैली और कार्य कुशलता एक मिसाल है। मौके पर उपप्रमुख मोदसीर हक करमा उरांव,नवल किशोर सिंह, राजेश गोप,संजय तिर्की, सिल्वेस्टर, रौशन तिर्की, बिंदेश्वर गोप, रइफुद्दीन मिरदाहा, गोवर्धन महतो, उमेश ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### बूथ सत्यापन को लेकर इटकी मंडल भाजपा की बैठक आयोजित



**इटकी (आजाद सिापही)।** इटकी मंडल भाजपा की बैठक गुरुवार को श्री जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर प्रांगण में मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन साहू बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य अतिथि ने 2024 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए बूथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण के लिए मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्धन पांडे. जिला मंत्री कुणाल सहदेव, राजेश्वर महतो, राजकुमार महतो, बुद्धू मुंडा. रोहित केशरी, रंजीत लकड़ा, गौतम मुंडा, ईन्दू देवी पारस, सीताराम, पवन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### इटकी पेंशनर समाज ने वरिष्ठ पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा के असामयिक निधन पर किया शोक व्यक्त



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी पेंशनर समाज की एक बैठक गुरुवार को कुंदी के किशोर गोप के घर के प्रांगण में की गयी। बैठक की अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने की। बैठक में पिछले दिनों क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा के असामायिक निधन पर दुःख व्यक्त किया गया। बैठक में उनके जीवन पर चर्चा की गई एवं दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। बैठक में अली हसन, किशोर गोप, मोनिका कौनगाड़ी, रोजदानी तिग्गा, कृष्णा बारा, मजीद मास्टर, जगदीश गोप, चंद्रू कुजूर सहित अन्य उपस्थित थे।

### मांडर में विशेष ग्रामसभा का आयोजन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** सरकार के प्रधान सचिव अज जाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड के निर्देशानुसार गुरुवार को ग्राम मांडर स्थित माण्डर सचिवालय सभागार में ग्राम प्रधान भोला उरांव की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें राज्य सरकार द्वारा वन पर निर्भर व्यक्तियों समुदाय को वन पट्टा का लाभ देने एवं वन अधिकार अधिनियम में निहित प्रावधानों के अनुसार ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति का गठन-पुनर्गठन करने का कार्यवाही किया गया। मौके पर प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी सीताराम, जेई आशुतोष कुमार, जनसेवक आरिफ अंसारी, मुखिया प्रकाश खलखो, कर्मचारी उमा देवी, उप मुखिया ललित उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नगड़ी में बारिश से कई गरीबों के घर गिरे



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले छह दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। इस बारिश में कई गरीब परिवारों के घर गिरे। जिनमें चेटे पंचायत के केनके निवासी बचन देवी का कच्चा घर ,बलालोंग पंचायत के बारीडीह के बेनेदिक नागडूवार, दक्षिणी टुंण्डूल पंचायत के नयासराय मुडमा मंदिर गली निवासी रामू लोहरा का कच्चा घर चेटे पंचायत के हल्हू गांव निवासी बसंत सिंह का कच्चा मकान गिर गया इसके आलवे भी कई गरीब असहाय लोगों के कच्चा मकान गिरे हैं स्थानीय प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

